श्री बंशीधर नगर, रविवार
30.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 305

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

डीसी ने विशेष राजस्व शिविर का लिया जायजा >> पेज 03 | प. प्रदीप मिश्रा ने नाक रगड़कर मांगी माफी >> पेज 04

## सुविचार

संघर्ष जितना कठिन होगा, जीत उतनी शानदार होगी।

## न्यूज अपडेट्स

### मोदी व खड़गे ने विश्व चैंपियन बनने पर टीम इंडिया को दी बधाई



**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप जीतने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासी आपके शानदार प्रदर्शन को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने वर्ल्ड कप जीता, लेकिन देश के गांव, गली महल्लों में आपने सबका दिल जीत लिया है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्व चैम्पियन बनने पर टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, रोमांचक फाइनल में टीम इंडिया ने 17 साल बाद विश्वकप का खिताब जीता। मैच में विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह चामाके । इस अविश्वसनीय जीत पर हर भारतीय को गर्व है। आपकी उपलब्धियों का हमेशा जश्न मनाया जाएगा और उन्हें संजोया जाएगा। हम भविष्य के मैचों में आपका समर्थन और उत्साहवर्धन जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

**टी-20 विश्वकप** > **फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया**

# भारत बना विश्व चैंपियन



**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही भारत टी20 क्रिकेट में दूसरी बार विश्व विजेता बना है। 13 साल के सूखे को समाप्त करते हुए भारतीय टीम चैम्पियन बनी है। इससे पहले वर्ष 2011 में एकदिवसीय क्रिकेट में टीम चैम्पियन बनी थी जबकि वर्ष 2007 में टीम इंडिया ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था।

भारत की ओर से मिले 177 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रेजा हेंड्रिक्स मात्र चार रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान एडेन मार्करम भी 4 रन के निजी योग पर पवेलियन लौट गए। हालांकि तीसरे विकेट के लिए क्विंटन डि कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच 58 रन की जबरदस्त साझेदारी हुई, जिसने अफ्रीकी टीम की मैच में वापसी कराई। तभी स्टब्स 31 रन बनाकर आउट हो गए। टीम को चौथा झटका डि कॉक के रूप में लगा, जिन्होंने 39 रन की पारी खेली। इसके बाद हेनरिक कलासेन ने तेजतर्रार 52 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद की। आखिर में डेविड मिलर ने 21 रन की जूझारू पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एक समय दक्षिण अफ्रीका रन चेज में आगे चल रही थी। टीम ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 147 रन बना लिए थे, यहां से उनकी जीत पक्की लग रही थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उनके जबड़े से जीत छीन ली। भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि दो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट अपने नाम किये। वहीं अक्षर पटेल को विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 176 रन बनाए। भारत के लिए विराट कोहली ने सबसे अधिक 76 रन बनाए। उन्होंने बेहतरीन साथ अक्षर पटेल का मिला, जिन्होंने 31 गेंदों में 47 रन की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने 27 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और एनरिक नोर्खिया ने दो-दो विकेट चटकाए। जबकि मार्को यानसेन और कगिसो रबाडा को एक-एक सफलता मिली।

## टीम को विश्व विजेता बनाने के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में खत्म किया अपना शानदार सफर



**नई दिल्ली।** साल 2007 के वनडे विश्वकप में वेस्ट इंडीज की धरती पर सितारों से सजी टीम इंडिया पहले ही राउंड में बाहर हुई तो कप्तान राहुल द्रविड़ की आंखों से आंसू निकल आए थे, शनिवार रात जब उसी सरजमीं पर टीम इंडिया टी-20 विश्वकप विजेता बनी तो कोच राहुल द्रविड़ भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। कोहली ने जब द्रविड़ के हाथों में ट्रॉफी थमाई तो उन्हें पहली बार सार्वजनिक तौर पर खुशी से शोर मचाते देखा गया। इसी शानदार मोड़ पर रोहित शर्मा-विराट कोहली का टी-20 सफर खत्म हुआ और द्रविड़ का टीम इंडिया के मुख्य कोच का कार्यकाल। राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में आधिकारिक तौर पर भारत का पूर्णकालिक मुख्य कोच जब बनाया गया तो इसकी यह कहते हुए कड़ी आलोचना हुई कि टेस्ट क्रिकेट के धुरंधर रहे द्रविड़ को तीनों फॉर्मेट का कोच बनाना कहां तक उचित है। कोहली, रोहित जैसे सितारों से भरी टीम इंडिया को द्रविड़ कुशलता से हैंडल कर पाएंगे, इसपर भी गहरा संदेह था। बैकग्राउंड में कोच के रूप में रवि शास्त्री के बेहतर रिकॉर्ड द्रविड़ के लिए अलग चुनौती थे। द्रविड़ का कार्यकाल नवंबर 2023 में वनडे विश्वकप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्वकप तक उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मना लिया। पिछले तीन वर्षों में अलग-अलग आईसीसी टूनार्मेंट में उन्होंने तीन बार भारत को फाइनल में पहुंचाया और इनमें से एक में शनिवार रात टीम इंडिया चैंपियन भी बनी। द्विपक्षीय सीरीज में द्रविड़ का कार्यकाल शानदार रहा। उनके कार्यकाल के दौरान 17 द्विपक्षीय सीरीज में से भारतीय टीम ने 14 जीती है। द्रविड़ की कोचिंग में भारत का पहला आईसीसी टूर्नामेंट 2022 टी-20 विश्वकप था और सेमी फाइनल में पहुंची टीम इंडिया इंग्लैंड से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई थी। इसके बाद भारत के सामने 2023 टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल था जहां ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को शिकस्त दी। 2023 वनडे विश्व कप में भारत भले ही फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन 11 में से 10 मैच जीत कर भारत टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन टीम रही थी। अब टी-20 विश्व कप में शानदार जीत के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में अपना शानदार सफर बेहद शालीनता के साथ खत्म किया।

## विराट कोहली ने की टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा




दिल्ली। टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया के दूसरी बार विश्वविजेता बनने की खुशी के साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आंखें नम कर देने वाली भी एक खबर है। टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनने के साथ ही विरोट कोहली ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में 76 रनों की पारी खेलने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। मैच के बाद कोहली ने कहा, ₹यह मेरा आखिरी टी20 वर्ल्ड कप था और हम यही हासिल करना चाहते थे। एक दिन आपको लगता है कि आप रन नहीं बना पा रहे, तो कई चीजें घटित होती हैं। ईश्वर महान है, और जिस दिन टीम के लिए महत्वपूर्ण दिन था उस दिन मैंने टीम के लिए काम को पूरा किया। कोहली ने आगे कहा कि ₹अभी नहीं तो कभी नहीं, भारत के लिए यह मेरा आखिरी टी20 मैच था। मैंने इसका भरपूर फायदा उठाना चाहा और सफल भी रहा। कप उठाना चाहता था, स्थिति को मजबूर करने के बजाय उसका सम्मान करना चाहता था। यह एक खुला रहस्य था, अब अगली पीढ़ी के कार्यभार संभालने का समय आ गया है, कुछ अद्भुत खिलाड़ी टीम को आगे ले जाएंगे और ध्वज को ऊंचा लहराएंगे।

## एक युग का अंत : रोहित शर्मा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ मिलकर बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में हराकर विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह वनडे और टेस्ट खेलना जारी रखेंगे। रोहित ने फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹यह मेरा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है। मैंने अपना भारतीय करियर इसी प्रारूप में खेलते हुए शुरू किया था। मैं यही चाहता था, मैं कप जीतना चाहता था। मैं यह बहुत चाहता था। शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल था। मैं अपने जीवन में इस खिताब के लिए बहुत बेताब था। खुश हूं कि हमने आखिरकार यह मुकाम हासिल कर लिया। रोहित ने इस प्रारूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया है। उन्होंने 159 मैचों में 4231 रन रन बनाए हैं, साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक (पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने दो टी20 विश्व कप खिताब जीते हैं : 2007 में खिलाड़ी के तौर पर पहला खिताब और अब 2024 में कप्तान के तौर पर। रोहित और कोहली का टी20 प्रारूप से संन्यास लेना पूरी तरह से अप्रत्याशित नहीं था। दोनों खिलाड़ियों ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद कोई टी20 मैच नहीं खेला था और इस साल जनवरी में ही 2024 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस प्रारूप में खेलना शुरू किया।

**सीएम हेमंत सोरेन ने अपने आवास के पास कार्यकर्ताओं से कहा**

# विस चुनाव में भाजपा का होगा सफाया



**रांची।** जेल से बाहर निकलने के बाद शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके स्थित आवास से जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि राज्य में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने की योजना बनायी जा रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को चुनौती है कि चुनाव की घोषणा जल्द से जल्द करें। राज्य से भाजपा का सफाया कर दिया जायेगा। पार्टी ने संकल्प लिया है कि मनुवादी सामंती सोच को जवाब देंगे। लोकसभा में जवाब मिला है। आगे भी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को जवाब दिया जायेगा। सोरेन ने कहा कि मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया। झारखंड गरीब-गुरबा राज है। हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। इसीलिए मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मुझे बाहर निकाला और हमें न्याय मिला। इस पांच महीने में राज्य शायद और आगे बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि उनको हमसे डर है। उनकी समय से पहले झारखंड विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चल रही है लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि यदि वो कल चुनाव कराते हैं तो परसो उनका सफाया हो जायेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक के साथ ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है। इन लोगों ने संविधान की कई संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। इस दीया को हम कभी नहीं बुझने देंगे। कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि आपके आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी मुख्यमंत्री बना है। मजबूरन मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है लेकिन वो रबर स्टैंप है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा वाले विधानसभा चुनाव में जीत का जो सपना देख रहे हैं, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे। इस राज्य में झारखंडी का ही शासन रहेगा।

# हर दिन लोग जेल जाते हैं, यह देखना भाजपा का काम नहीं : हिमंत बिस्व सरमा



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को झारखंड पहुंचे। उन्होंने हेमंत सोरेन की जमानत पर कहा कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को जमानत मिलती है। इसका अकाउंटिंग करना भाजपा का काम नहीं है। यहां तो भ्रष्टाचार चरम पर है। आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। हिमंत ने कहा कि झारखंड में हुए लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट देकर आखिर क्या मैसेज दिया। लोगों ने बताया कि वह यहां की सरकार से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठ और लव जिहाद को रुकवाना भाजपा की प्राथमिकता है। कोई गलत तरीके से घुसपैठ कर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी ना करे। इसे रोकना है। भाजपा के मेनिफेस्टो में इस मुद्दे को शामिल किया जायेगा। रांची पहुंचते ही हिमंत बिस्व सरमा ने दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन के आवास पर उनसे मुलाकात की। हिमंत के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रहे समीर उरांव से भी मुलाकात की।




# सगमा प्रखंड पैक्स में बीज उपलब्ध नहीं कराये जाने से किसानों में रोष

**बंशीधर न्यूज**

**सगमा :** सहकारिता विभाग की ओर से सगमा प्रखंड पैक्स में बीज उपलब्ध नहीं कराये जाने से आक्रोशित हैं। किसानों ने बताया कि प्रतिवर्ष सहकारिता विभाग गढ़वा के द्वारा किसानों की सुविधा को देखते हुये जून माह के अंतिम सप्ताह तक मॉडल पैक्स बीरबल में धान, मकई, अरहर का बीज आपूर्ति कर दिया जाता था मगर अभी तक बीज आपूर्ति नहीं किया गया है। इसे लेकर प्रखंड के किसान बीज लेने के लिये पैक्स का चक्कर लगा रहे हैं। पैक्स के माध्यम से किसानों को अनुदानित दर पर धान का बीज मिलता रहा है। किसानों को काफी राहत महसूस होता था। इस संबंध में पूछने पर बीरबल पैक्स के अध्यक्ष रमोद प्रसाद ने बताया की बीरबल पैक्स के द्वारा बीज निगम रांची को पैसा जमा कर दिया गया है। मगर किन कारणों से सगमा प्रखंड को बीज नहीं दिया गया यह पता नहीं है। जबकि सगमा को छोड़कर जिले के अन्य प्रखंडों में सहकारिता विभाग द्वारा धान का बीज उपलब्ध करा दिया गया है। प्रगतिशील किसान लालबिहारी सिंह, रामचंद्र साह, दीपक यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विजय साह, सुनील प्रजापति, अश्वनी मिश्रा, सिद्धेश्वर नाथ चौबे के द्वारा सहकारिता विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुये कहा की सुनने में आ रहा है कि सगमा प्रखंड को मिलने वाला बीज बीस किलोमीटर दूर धुरकी प्रखंड के पैक्स में दिया गया है जो किसानों के साथ सरासर अन्याय है। यहां के किसान बीज लेने के लिये बीस किलोमीटर दूर धुरकी में जाकर बीज लेने में असमर्थ हैं। एक सप्ताह के अंदर सगमा प्रखंड को बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो हम लोग के बीरबल पैक्स का घेराव कर रोषपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

**न्यूज अपडेट्स**

## डंडा प्रखंड समन्वयक कार्यमुक्त

**गढ़वा :** जिले के डंडा प्रखंड के ग्राम पंचायत भिखही में अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा लाभुकों के चयन में अनियमितता की शिकायत जिला प्रशासन गढ़वा को प्राप्त हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुये जिला प्रशासन द्वारा शिकायत की जांच कराई गई। जांच में आरोप की पुष्टि की गई। जांचोपरांत डंडा प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, संगीता कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ ही तत्कालीन पंचायत सचिव ग्राम पंचायत भिखही, प्रखंड डंडा शम्भू प्रसाद को निलंबित करते हुये विभागीय कार्रवई प्रारंभ करने का निदेश दिया गया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा से भी स्पष्टीकरण पृच्छा की गई।

**पड़ताल** बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का औचक निरीक्षण

# नहीं मिला एक भी बच्चा

**बंशीधर न्यूज**



**कांडी :** बीडीओ सह सीडीपीओ राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्र और एक विद्यालय का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र पतीला एक, पतीला दो और सेमौरा का जांच किया गया। जांच के क्रम में एक भी सेविका और सहायिका ड्रेस कोड में उपस्थित नहीं थी। साथ ही किसी भी सेंटर पर केंद्र का बोर्ड नहीं पाया गया। जिसको लेकर सेविका बैजन्ती देवी, संगीता देवी व कांति देवी तथा सहायिका जैबुन खातून, प्रतिमा कुंवर व चंद्रावती देवी से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों नही उन्हें निलंबित किया जाय। सीडीपीओ ने कहा कि प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति भयावह है। लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा हुं। उन्होंने बुनियादी विद्यालय सेमौरा का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये। मध्याहन भोजन भी मेन्यू के अनुसार व गुणवत्ता पूर्ण पाया गया। साथ ही बच्चों की उपस्थिति भी लगभग शत प्रतिशत थी। आज विद्यालय में बच्चे साप्ताहिक मूल्यांकन दे रहे थे। बीडीओ ने बच्चों से साप्ताहिक मूल्यांकन के संबंध में जानकारी का आदान प्रदान किया। मौके पर हेडमास्टर पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बसपा ने किया प्रदर्शन

**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले एक दिवसीय महा धरना का प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष सुनेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीसी के नाम 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ सतीश भगत एवं कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को सौंपा गया। दिये गये मांग पत्र में पीएम आवास के लाभूको का बकाया राशि का अविलंब भुगतान करते हुये 4 माह से बकाया सभी प्रकार के पेंशन को अविलंब भुगतान करने, पेयजल समस्या का स्थाई समाधान एवं केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना की अधूरे कार्यों को अभिलंब पूरा करने, नीलगाय द्वारा किये गये बर्बाद फसल के नुकसान को किसानों को अभिलंब मुआवजा देने, टेंपो स्टैंड बनने तक टेंपो चालकों से किसी तरह का टैक्स नहीं लेने सहित 11 मांगे शामिल है। मौके पर मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन उर्फ राजेश मेहता ने कहा कि जन समस्या के 11 सूत्री मांगो को अविलंब पूरा नहीं किया गया तो बाध्य होकर पार्टी के बैनर तले जन आंदोलन किया जायेगा। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि पर हमला बोलते हुये उन्होंने कहा कि ऐसा जनप्रतिनिधि है जो अपना पारिवारिक लाभ लेने में आगे है और केवल वह अपना ही विकास करना जानते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि को निकाल सके और संघर्षशील व्यक्ति को आप चुनिये। एक बार मौका दीजिये और क्षेत्र में विकास ही विकास होगा। मौके पर गीता मेहता, प्रमोद रवि, नगर मंडल अध्यक्ष पिंकू सोनी, ग्रामीण एवं प्रखंड अध्यक्ष सुनेश्वर राम आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर धर्मेंद्र ठाकुर, गिरीश पांडेय, अजय चौधरी, सत्येंद्र सिंह, संजय चौधरी, प्रमिला देवी, समुद्री देवी, उर्मिला देवी, सुबोध पाल, ओमप्रकाश, अत्ताउल्लाह खान सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेता रघुराज पांडेय ने दी सांत्वना



**सगमा :** भाजपा के पूर्व गढ़वा जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय ने प्रखंड में गत दिनों व्रजपात से मृत पुतुर गांव निवासी सह माले नेता सदानंद यादव एवं चैनपुर गांव निवासी शिवनाथ पासवान के घर पहुंच कर घटना पर दुख जताया तथा परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही हर संभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष मुख्तार आलम महामंत्री सखीचंद्र प्रजापति, बबलू ठाकुर आदि मौजूद थे।

## नये डीडीसी शब्बीर अहमद ने लिया प्रभार, जिले के 54 वें डीडीसी बने



**मेदिनीनगर :** पलामू के 54 वें उप विकास आयुक्त के रूप में शनिवार को शब्बीर अहमद ने पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के बाद श्री अहमद ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढाना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व सभी बीडीओ के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## दो चोर गिरफ्तार, कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद : डीएसपी

**बंशीधर न्यूज**



**चैनपुर :** पुलिस ने दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुये डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि 18 जून की रात्रि लगभग 9:00 बजे हैदर अली नामक युवक से एफ जेड बाईक की लूट हुई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक टीम गठित की गई। टीम गठन के बाद थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया इसके बाद पुलिस ने राजा कुमार एवं अनुराग कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी डाल्टनगंज के भट्टी मोहल्ला और बारालोटा के निवासी हैं। डीएसपी श्री प्रसाद ने बताया कि राजा कुमार के पास से प्रयुक्त पिस्तौल व चाकू बरामद किया गया है। जबकि अनुराग कुमार के पास से लूटे गये बाईक एफजेड यामाहा को बरामद कर लिया गया है। श्री प्रसाद ने बताया कि मंगरदहा घाटी के पास 18 जून को सदर अस्पताल से ड्यूटी कर लौट रहे हैदर अली को दोनों आरोपियों ने पिस्तौल व चाकू का भय दिखाकर बाईक लूट लिया था। हैदर अली ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने अनुसंधान जारी रखा और दोनों लुटेरों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## भूमि व राजस्व मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वाधान में भूमि व राजस्व मामलो से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें से 64 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। प्राप्त आवेदनों में ऑनलाईन नामांतरण के तीन आवेदन, उत्तराधिकार नामांतरण के एक आवेदन, भु लगान व सीमांकन का एक-एक आवेदन, जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 आवेदन, भूमि विवाद से संबंधित एक मामला, प्रमाण पत्र के 61 मामले, अन्य चार मामले कुल मिलाकर 82 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें से जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 में से तीन मामलों का, प्रमाण पत्र के 61 आवेदन में से सभी का त्वरित निष्पादन सहित कुल 64 मामलों का निष्पादन किया गया। जबकि 18 मामले लंबित रह गये। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता शीलवन्त कुमार भट्ट, बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सीओ विकास कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, सीआई सह राजस्व कर्मचारी शम्भू रजक, जुगेश दास, प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार, अजित कुमार, मुखिया मनोज ठाकुर, अजय गुप्ता, उषा देवी, सुरेश भंडारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर देव कुमार, विद्या कुमार, लक्ष्मी सेठ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता**

# पेनाल्टी शूटआउट में चितविश्राम की टीम विजयी

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन चित्तविश्राम हाईस्कूल के प्रांगण में फाईनल मुकाबला खेला गया। अंडर 17 बालक वर्ग में प्लस टू हाईस्कूल नगर ऊंटारी व चित्रविश्राम के बीच फाईनल मैच हुआ जिसमें कोई भी टीम मैदानी गोल नहीं कर पाई। पेनाल्टी शूटआउट में चितविश्राम की टीम ने 5-2 से जीत दर्ज किया। वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर ऊंटारी की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह को ट्राईब्रेकर में ही 3-2से पराजित किया। अंडर 15 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह ने उच्च विद्यालय चित्तविश्राम को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। उस मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा खेल जीवन का अंग होना चाहिये जिससे हम शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं तथा अनुशासित बनते हैं। संसाधन सीमित है पर हौसला ऊंचा रखना है। झारखंड सरकार लगातार निचले स्तर से गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिये प्रयासरत है हमें इसका लाभ उठाना चाहिये। विजेता खिलाड़ियों को पहले जिले में स्थान सुनिश्चित कर नगर का मान बढ़ाएं फिर प्रदेश में अपने विद्यालय को अंकित कराएं। बीपीओ तहमीना परवीन, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, अविनाश सहाय, कमलेश पांडेय, द्वारिकानाथ पांडेय, संजय कुमार, खेल शिक्षक किशोर कुणाल, अनुज कुमार शुक्ला, विजयानंद तिवारी, कलिंदर पटेल, अनुराग गिरी, अशोक कुमार यादव, लाल बहादुर समेत कई खेल शिक्षक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## 34.30 करोड़ रुपये का मामला सेटल

**मेदिनीनगर :** भूमि व राजस्व से सम्बंधित मामले के निपटारे के लिये शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण व रेवेन्यू से सम्बंधित 16 हजार 128 मामले का निस्तारण किया गया। 34 करोड़ 29 लाख 57 हजार 756 रुपये का मामला सेटल किया गया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि झालसा के दिशा निर्देश पर आज भूमि अधिग्रहण व रेवेन्यू मेटर को ले स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। साथ ही साथ मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया था। इसमे सुलह समझौता के आधार पर कुल 110 मामले का निस्तारण किया गया व एक लाख 24 हजार 450 रुपये का मामला सेटल हुआ। वन विभाग के सात केस में 88 हजार 500 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। उत्पाद विभाग के छह केस में 33 हजार 750 रुपये राजस्व मिला। विद्युत विभाग के 16 मामले निपटाये गये। मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस के एक मामला का निपटारा किया गया। जीआर के नव केस निपटाये गये। रेलवे के आठ मामले का निस्तारण किया गया व 2200 रुपये राजस्व वसूला गया। 107 सीआरपीसी के 61 मामले का निस्तारण किया गया। वही प्री लिटिगेशन के दो मामले का निपटारा किया गया। उस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पीएलभी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से जुड़े लोग के अलावे दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।




# थाना प्रभारी व बीडीओ ने की व्यवसायियों के साथ बैठक

बंशीधर न्यूज

**केतार :** मुख्य बाजार में शुक्रवार को बीडीओ सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने केतार बाजार व्यवसायियों के साथ बैठक किया। बैठक में व्यवसायियों ने कहा कि लगातार केतार बाजार में चोरी की घटना घटते रहती है, लेकिन इसका उद्भेदन नहीं हो पाता है। उन्हांने बताया कि बाजार में बस गाड़ी नहीं जाने की वजह से व्यवसायियों को सामान लाने ले जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा कि केतार बाजार के मुख्य चौक पर स्ट्रीट लाईट जल्द ही लगाया जायेगा। जिससे चौक चौराहों पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी ना हो। जो लोग सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किये हुये हैं वे लोग अतिक्रमण खाली कर दें। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि सभी व्यवसायी जो सक्षम है वे लोग अपने-अपने दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाये। जिससे अपराध करने वाले में डर बना रहेगा। थाना प्रभारी ने लोगों को कहा कि आप निश्चित रहें, आपलोगो की समस्या बहुत जल्द दूर होगी। सभी बसें और टेंपो केतार बाजार तक आएंगी। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, रामश्रय कमलापुरी, रामविचार साह, विश्वनाथ साह, विनोद प्रसाद, अमरनाथ जायसवाल, पंकज कुमार, नीरज कमलापुरी, दया प्रसाद, विजय पाल सहित अन्य व्यवसायी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सडेया-डंडिला पथ पर वाहन आगजनी मामले में दो नक्सली गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने सडेया (हैदरनगर) से डंडीला (हुसैनाबाद) तक सड़क निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर तथा एक जेसीबी को जलने के मामले में दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के लंगूराही तुरी टोला निवासी मृत्युंजय यादव उर्फ दुखन उर्फ अरूणजय (31) पिता महेन्द्र यादव व हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंडिला बिलासपुर गांव निवासी सुरेश रजवार (58) पिता स्व० जतन रजवार शामिल है। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि 26 जून को लगभग 10 बजे रात्री में नक्सलियों ने आग लगा कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। पलामू एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने कांड के त्वरित उद्भेदन के क्रम प्राथमिकी अभियुक्त सुरेश रजवार को गिरफ्तार करने पर उसके द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में लोकसभा चुनाव के समय हैदर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया टिकर, पटरिया, भदुवा और बारेवा में जो लोकसभा चुनाव बहिष्कार का पोस्टर चिपकाया गया था। वह माओवादी के कमांडर नितेश यादव के द्वारा सडेया के पूर्व नक्सली बृजदेव रजवार और कामेंद्र राम से चिपकाया गया था। माओवादी नितेश यादव ही दस्ते के साथ मिलकर गाडियों को लेवी नही देने के कारण जलाया गया है तथा उसके पास से उसकी निशानदेही पर लेवी के रूप में वसूले गये 3000 रुपए तथा घटना कारित करने में प्रयोग में लाये गये मोबाइल को भी बरामद किया गया है। पुलिस ने इनके पास से एक ओप्पो कंपनी का एन्ड्राइड फोन, तीन हजार रुपए नगद, एक सफेद रंग का सैमसंग कंपनी का किपैड मोबाइल, एक आइटेल कंपनी का किपैड मोबाइल, एक काला रंग का सेलेकोर कंपनी का किपैड मोबाईल, एक सैमसंग कंपनी का काला रंग का मोबाईल तथा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित तीन पोस्टर बरामद किया है।

## गढ़वा ▶ डीसी ने विशेष राजस्व शिविर का लिया जायजा

# ऑन द स्पॉट निष्पादन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में राजस्व कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन एवं आमजनों की सुविधा के लिये सभी प्रखंड सह अंचल मुख्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय गढ़वा में आयोजित हुये विशेष राजस्व शिविर का डीसी शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। डीसी ने म्यूटेशन से संबंधित कार्यों का प्रमाण पत्र लाभुकों को दिया एवं महिला सखी मंडलों के बीच रोजगार उन्नयन के लिये सांकेतिक तौर पर स्वीकृत राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक जागरूकता शिविर सह चलंत लोक अदालत (न्याय आपके द्वार) कार्यक्रम में शामिल हुये।

मौके पर डीसी ने कहा कि अपने स्तर से हम आपके समस्याओं के समाधान का प्रयास करते है, परंतु आपको भी अपने समस्या के समाधान के लिये जागरूक रहने की आवश्यकता है। लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने, आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने, न्याय दिलाने, रोजगार सृजन, घरेलू हिंसा से मुक्ति, बाल श्रम से मुक्ति, जीवन स्तर का उन्नयनिकरण आदि अन्य तमाम मामलों के निष्पादन के लिये प्रखंड, पंचायत वार विशेष शिविर का आयोजन कराया जाता है। विशेष राजस्व शिविर में मुख्य रूप से ऑनलाईन दाखिल-खारिज (30/90 दिनों से अधिक लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन, उत्तराधिकार नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण से संबंधित वादो का निष्पादन, भू-लगान वसूली, सीमांकन से संबंधित वादों का निष्पादन, जमाबंदी अपडेसन (ऑनलाईन प्रविष्टि में त्रुटि सुधार इत्यादि), भू-अभिलेख में त्रुटि निराकरण, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र का निष्पादन, भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई, प्राकृतिक आपदा (वज्रपात/अतिवृष्टि/अग्निकाण्ड/सर्पदंश इत्यादि) से संबंधित मामलों का निष्पादन, सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों का निष्पादन, जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों का निष्पादन समेत अन्य मामलो से जुड़े आवेदन भी लिये गये। डीसी ने प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। मौके पर गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, गढ़वा सीओ शफी आलम, विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न पदाधिकारी तथा कर्मी, विभिन्न सखी मंडलों से जुड़ी महिलाओं समेत काफी संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन




**कांडी :** प्रखंड व अंचल कार्यालय में शनिवार को विशेष राजस्व शिविर व विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में भूमि एवं राजस्व मामलों के विशेष लोक अदालत का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीटीओ धीरज प्रकाश व अंचलाधिकारी राकेश सहाय थे। आज के राजस्व शिविर में विभिन्न मामलों से जुड़े कुल 47 आवेदन प्राप्त हुये। शिविर में दाखिल खारिज के 5, पंजी 2 में सुधार के लिये 6, सीमांकन के 2, प्रमाणपत्र के 3, अपडेशन के 11, लगान निर्धारण के 4, अतिक्रमण के 1, पारिवारिक सूची के 2, जमीन विवाद के 8 व विविध के 5 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर अंचल निरीक्षक जगरनाथ मांझी, राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार यादव, गणेश सिंह चौधरी, वसीम अंसारी, अंचल अमीन धर्मदेव राम सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन के रिहा होने पर आतिशबाजी

**भवनाथपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा होने पर भवनाथपुर प्रखंड के कार्यकताओं ने बम पटाखा फोड़, मिठाईयां बांट व नारेबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान नेता व कार्यकताओं ने जेल का फाटक टूट गया हेमंत सोरेन छूट गया, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत 5 महीने तक जेल के अंदर रखा गया। हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजा गया था। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर जेल से बाहर आये हैं। सत्य की जीत हुई है। मौके पर शैलेंद्र यादव, ब्रजेश कुमार सिंह, अजमुद्दीन अंसारी, दीपक वर्मा, गोपाल प्रसाद यादव, शमशेर अंसारी, नालेज पासवान, प्रमोद चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिन्हा, रामनिवास यादव, राजेश्वर गुप्ता, उपेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## राजस्व शिविर आयोजित



**विशुनपुरा :** प्रखंड कार्यालय परिसर में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी व सीओ संदीप कुमार मधेसिया ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में ऑनलाइन दाखिल खारिज, उत्तराधिकारी नामांकन, आपसी बटवारा, भू लगन वसूली, सीमांकन, जमाबंदी, अपडेशन, भूमि सुधार, भूमि स्वामित्व, भूमि विवाद, आपदा, सड़क दुर्घटना, जाती, आय एवं आवास के लिये आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 105 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमे 70 आवेदनों को ऑन द स्पोर्ट निष्पादित किया गया। मौके पर सीओ संदीप मद्धेशिया ने कहा कि जमीन सम्बंधित कोई भी समस्या हो तत्काल अंचल से सम्पर्क करें, अविलंब निष्पादन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधित बहुत से मामले लंबित थे, जिसे पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभ पहुचाया जा रहा है। उस मौके पर सांसद प्रतिनिधि पुल्सत्या शुक्ला, बीससूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, वीडीसी भर्दुल चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि मुना अंसारी, पंकज सिंह, अशोक पासवान सहित प्रखंड सह अंचलकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विशेष राजस्व शिविर आयोजित

बंशीधर न्यूज




**रमना :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय रमना के सभागार में शनिवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं के निराकरण के कुल 79 आवेदन दिया जिसमें मौके पर दो आवेदनों को निस्पादित किया गया। शेष 77 आवेदन संबंधित विभाग और कमीर्यों को अग्रसारित करते हुये जांचोप्रांत कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके पहले प्रमुख करुणा सोनी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, सीओ बासुदेव राय ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। संजय कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगो को सरकारी सुविधाए हर हाल में सुलभ हो तथा मौके पर समस्याओं का सामाधान हो सके। शिविर में सर्वाधिक जमाबंधि अपडेसन के 49 आवेदन प्राप्त हुये वही ओनलाईन दाखिल खारिज के 17,भू अभिलेख त्रुटी निवारण के 6, भूमि विवाद,भूमि नामांतरण तथा अन्यान के दो-दो आवेदन व लगान वसूली के एक मामल प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उप प्रमुख खजीदा बीबी, मुखिया दुलारी देवी, सीआई राजकुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सीताराम बड़ाईक, रामरक्षा सिंह, आलोक कुमार, जितेद्र कुमार, कुंदन ठाकुर, मोहन कुमार, अशोक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी भवनाथपुर में जल शक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन




**भवनाथपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्देशित जल शक्ति अभियान के तहत डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रभात फेरी कार्यक्रम, पेंटिंग कार्यक्रम तथा नाटक का आयोजन किया गया और लोगों को तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर वरीय शिक्षक ओपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता मार्च को रवाना किया। जबकि शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार तथा संजय राय भट्ट के नेतृत्व में जागरूकता मार्च, पेंटिंग प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने जल संरक्षण करने, पौधा लगाने और पेड़ों को बचाने की शपथ ली। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि जल संरक्षण अति आवश्यक है जो जीवन का आधार है और इसकी शुरूआत विद्यालय से ही होनी चाहिए। क्योंकि जो यहां बच्चों को सिखाया जायेगा वही भविष्य में भी व्यवहारिक रूप लेगा।


## बीआरसी केन्द्र में संकुल साधन सेवियों की बैठक संपन्न

# विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद बीआरपी ने दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** बीआरसी केन्द्र अधौरा में शनिवार को संकुल साधन सेवियों की बैठक हुई। बैठक प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में हुई। बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी ने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि साप्ताहिक रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाली परीक्षा सभी विद्यालयों में हो सुनिश्चित किया जाय। परीक्षा लेने के बाद विभाग द्वारा भेजी गई लिंक को अवश्य भरें परीक्षा लेने के उपरांत बच्चों कॉपी का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाय, ऐसा नहीं करने वाले प्रधानाध्यापक की सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि उनपर विभागीय कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र के सभी 6-14 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के लिये विशेष अभियान चलाकर उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेशों का अनुपालन शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू हो इसे सीआरपी सुनिश्चित करावें। बैठक मे श्री चौबे ने प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चार हाउस का निर्माण, बाल संसद का गठन करने, विभिन्न क्लबों का गठन, चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन जिसमें हाउस स्तर पर बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एंव प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन व्यायाम एंव योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना, बच्चों का पोशाक, नाखून की स्वच्छता की जांच करना, शिक्षकों तथा महापुरुषों को याद करना, कक्षा-कक्ष कि सफाई, सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया और कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू कराना सीआरपी सुनिश्चित करें। उन्होंने सीआरपी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में प्रत्येक दिन अभिवादन करने के लिये सोमवार को जोहार, मंगलवार को नमस्कार, बुधवार को सुप्रभात, गुरुवार को गुड मॉर्निंग, शुक्रवार को ताली बजाकर और शनिवार को नमस्ते जैसे शब्द का उपयोग करके अभिवादन करना है। बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, शक्तिदास, सिन्हा, सुबोध कुमार, वीरेन्द्र प्रजापति, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।



## शत्रुघ्न सिन्हा की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून को एक्टर जहीर इकबाल से रजिस्टर्ड मैरिज की है। उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोनाक्षी-जहीर की शादी को 5 दिन हो गए हैं। अब खबर है कि तबीयत बिगड़ने के कारण शत्रुघ्न सिन्हा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस खबर के बाद उनके फैंस की चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार देर रात सोनाक्षी सिन्हाऔर जहीर इकबाल के साथ मुंबई के कोकिलाबेन हॉस्पिटल से निकलते हुए स्पॉट की गईं, जिसके बाद से सोनाक्षी के मां बनने की चर्चा शुरू हो गई लेकिन यह सच नहीं है। अभिनेत्री अपने पिता शत्रुघ्न सिन्हा की तबीयत का हाल जानने के लिए जहीर इकबाल के साथ अस्पताल गईं। 77 साल के शत्रुघ्न सिन्हा को क्या हुआ? उन्हें अस्पताल में क्यों भर्ती कराया गया है? बेटी की शादी के तुरंत बाद शत्रुघ्न की सेहत को क्या हुआ? ये सवाल उनके फैंस पूछ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शत्रुघ्न सिन्हा को उनके रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। कहा जा रहा है कि पहले लोकसभा चुनाव और फिर जहीर की बेटी सोनाक्षी से शादी के बीच काफी भागदौड़ रही। जिससे उनके शरीर और दिमाग पर काफी तनाव पड़ा। इसलिए उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, वे पूरी तरह ठीक हैं।

## कैटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरों पर विक्की ने कहा



कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ये बॉलीवुड से है प्रसिद्ध जोड़ी हैं। उनके प्रशंसकों की संख्या बहुत बड़ी है और प्रशंसक कैटरीना-विक्की की निजी जिंदगी के बारे में जानने में रुचि रखते हैं। पिछले कुछ दिनों से कैटरीना कैफ प्रेग्नेंट होने की चर्चाएं जोरों पर हैं। कैटरीना की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। नेटिजन्स कह रहे थे कि एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर अपनी तस्वीरों में अपना बेबी बंप छिपा रही हैं। इसके चलते कैटरीना के प्रेग्नेंट होने की चर्चा भी शुरू हो गई। ऐसी भी चर्चाएं चल रही थीं कि विक्की और कैटरीना खुशखबरी देने वाले हैं। लेकिन, कैटरीना और विक्की में से किसी ने भी इस पर कोई रिएक्शन नहीं दिया। विक्की कौशल ने प्रेग्नेंसी की बातों पर चुप्पी साध रखी है। फिलहाल विक्की अपनी आने वाली फिल्म "बैड न्यूज" के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था। इवेंट में विक्की से कैटरीना की खुशखबरी के बारे में पूछा गया। विकी ने जवाब दिया। विक्की ने कहा, जब कोई अच्छी खबर होगी तो मैं सबसे पहले मीडिया को बताऊंगा। लेकिन, अभी "बाद न्यूज" का आनंद लीजिए। लेकिन, जब वाकई कोई अच्छी खबर होगी तो हम उसे आपके साथ जरूर शेयर करेंगे। विक्की के इस बयान के बाद कैटरीना की प्रेग्नेंसी की चर्चा पर ब्रेक लग गया है।

## पं. प्रदीप मिश्रा ने बरसाना पहुंचकर राधा रानी मंदिर में नाक रगड़कर माफी मांगी



# सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी हो घोषणा पत्र : हिमंत

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा। झारखंड निर्णायक मोड़ पर है। राज्य की जनता लूट, भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी से निजात चाहती है। जनता सुशासन और विकास के लिए समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में घोषणा पत्र समिति और आरोप पत्र समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिमंत ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता का संकल्प पत्र होगा। पार्टी जनसंपर्क और संवाद के माध्यम से सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी और विकासोन्मुख घोषण पत्र तैयार करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आरोपों से घिरी सरकार है। समाज का हर वर्ग इस निकम्मी और भ्रष्ट सरकार से ऊब चुका है। हमें इनकी एक-एक नाकामियों को उजागर करते हुए आरोप पत्र तैयार करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। हिमंत विस्वा सरमा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, टॉकिंग पॉइंट्स समिति की संयुक्त बैठक के अलावा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की।



कुशल क्षेम जाना एवं राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

### जनता भाजपा को उम्मीद भरी नजरों से देख रही : बाबूलाल मरांडी

बैठक को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता की आशा और उम्मीद भाजपा से जुड़ी है। ठगबंधन सरकार ने राज्य की जनता के लिए एक भी भलाई के काम नहीं किए। यह सरकार साढ़े चार वर्षों केवल राज्य को लूटने में जुटी रही। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति ने राज्य की डेमोग्राफी को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता उम्मीद भरी नजरों से भाजपा की ओर देख रही है है। भाजपा ने राज्य बनाया है। भाजपा राज्य को लुटते और बर्बाद होते नहीं देख सकती। हमें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ठगबंधन सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी सरकार है। जनता को इस सरकार से निजात दिलानी है। हिमंत विस्वा सरमा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, दुमका लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. अरुण उरांव के घर पहुंचे। उन्होंने नेताओं के आवास पर ही जलपान और भोजन किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सांसद बीडी राम, सीपी सिंह, विरंचि नारायण, अनंत ओझा, केदार हाजरा, नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, गीता कोड़ा, शशांक राज, रविनाथ किशोर, आरती सिंह सहित युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## न्यायालय को लोग मंदिर समझते हैं लेकिन न्यायाधीश खुद को देवता ना समझें : सीजेआई



**कोलकाता।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा। सीजेआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की सुनवाई करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें। उन्हें सहानुभूति रखनी होगी। उन्हें इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे सामने खड़ा हुआ शख्स मनुष्य है। न्यायाधीश भी सामाजिक रीति-रिवाजों के मुताबिक अपनी धारणा नहीं बना सकते। उन्हें संविधान के मुताबिक काम करना होगा। संवैधानिक नैतिकता कहती है कि एक भारतीय जो चाहे सोच सकता है, जो चाहे बोल सकता है। जिसकी चाहे पूजा कर सकता है, जिसका चाहे अनुसरण कर सकता है। किसी के साथ शादी कर सकता है और जो चाहे खा सकता है। संविधान में दी गई स्वतंत्रता का हमेशा ख्याल रखना होगा।

### Hit लिस्ट

## सीबीआई ने गुजरात में चलाया तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई)




एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में गुजरात के सात स्थानों पर तलाशी ले रही है। सीबीआई का यह तलाशी अभियान आज शनिवार 29 जून की सुबह गुजरात के चार जिलों आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में फैले संदिग्धों के परिसरों पर शुरू हुआ। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान दोपहर बाद भी जारी रहा। सीबीआई ने शुक्रवार को राष्ट्रीय-पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- स्नातक (एनईईटी-यूजी) के संबंध में झारखंड के हजारीबाग में एक स्कूल के प्रिंसिपल और उप-प्रिंसिपल के साथ एक हिंदी समाचार पत्र के पत्रकार को गिरफ्तार किया था।

## एक को मीरजापुर आयेंगे मोहन भागवत

**मीरजापुर।** एक समय था जब भारत देश का विस्तार अफगानिस्तान से लेकर बर्मा व चीन की सीमाओं तक था। प्राचीन भारत के उसी सपने को पूरा करने और अखंड भारत को साकार करने के लिए देवरहा हंसबाबा का आशीर्वाद लेने



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत चौथी बार आध्यात्मिक नगरी मीरजापुर आएंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत एक जुलाई को मीरजापुर आएंगे। वे विंध्याचल के महुआरी स्थित देवरहा बाबा आश्रम जाएंगे। आश्रम में देवरहा हंसबाबा का आशीर्वाद लेने के साथ रामदूत श्रीहनुमान को सवा मन लड्डू चढ़ाएंगे और पूजन-अर्चन के साथ कैलाश मानसरोवर को भारत में मिलाने को लेकर हवन-पूजन भी करेंगे।

### दिल्ली में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

# संजय झा बने जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार 29 जून को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान जदयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। जबकि नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। यह निर्णय 2025 में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान लिया गया। संजय झा की नियुक्ति को पार्टी के नेतृत्व को मजबूत



करने और आगामी चुनावों की तैयारी के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सांसद संजय कुमार झा ने मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹हमारे नेता और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएम नीतीश कुमार ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को बदल दिया है, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि हमने बिहार विधानसभा में 243 में से 177 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की। लोकसभा में 40 में से 30 सीटें जीतीं। इसके साथ ही बिहार ने 2025 के विधानसभा चुनाव का संकेत दे दिया है। उन्होंने नीट मुद्दे पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले में सख्त कानून लाना चाहिए। जो भी दोषी साबित हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि लोगों का भरोसा बहाल हो।

## श्योक नदी में फंसा टैंक, सेना के पांच जवानों की मौत

**नई दिल्ली।** चीन सीमा पर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में सैन्य अभ्यास करके लौट रहे पांच जवानों की शुक्रवार रात करीब 1 बजे श्योक नदी पार करते समय मौत हो गई। लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से टी-72 टैंक फंस गया और सेना के 5 जवान बह गए। शनिवार को सभी सैनिकों के शव बरामद कर लिए गए। इनमें एक



जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर (जेसीओ) भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया है। दरअसल, सेना के जवान सैन्य अभ्यास के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे टैंक टी-72 से लौट रहे थे। टैंक पर रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी सवार थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)